IPO News: अगले साल आ रहा है एग्री सेक्टर का बड़ा आईपीओ, जानिए कंपनी की पूरी डिटेल

सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (SLCM) बिजनेस का विस्तार के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मिड 2024 में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लॉन्च करने की योजना बना रही है.

By HINDICNBCTV18.COM
Oct 22, 2023 7:31:37 PM IST (Updated)

सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (SLCM) बिजनेस का विस्तार के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मिड 2024 में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लॉन्च करने की योजना बना रही है. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार इसकी जानकारी रखने वाले कुछ लोगों ने बताया कि एसएलसीएम बैंकरों के साथ बातचीत कर रहा है और बोर्ड से आईपीओ योजना के लिए मंजूरी मांगेगा. यह एग्री सेक्टर का आईपीओ है. कंपनी अपनी एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) और वेयरहाउसिंग बिजनेस के विस्तार के लिए फंड जुटाने पर विचार कर रही है.

350 करोड़ रुपये की एयूएम

उन्होंने कहा कि फंड प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों मार्केट्स से जुटाई जाएगी. रिपोर्ट के अनुसार एसएलसीएम की तरफ से अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं आ सकी है. 2017 में स्थापित एसएलसीएम की किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास वर्तमान में 350 करोड़ रुपये की एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) है और अगले 10 साल में इसे दोगुना करने का लक्ष्य है.

2,700 करोड़ रुपये का लोन बांटा

कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 2,700 करोड़ रुपये का लोन वितरित किया है और अगले वित्तवर्ष के अंत तक इसे 5,000 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंचाने का लक्ष्य है. एसएलसीएम के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट तेजी से बढ़कर 7.73 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.81 करोड़ रुपये था. इस वित्तवर्ष की पहली छमाही के दौरान कुल रेवेन्यू बढ़कर 84.8 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 57.7 करोड़ रुपये था.